RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 18 अप्रैल 2025 | वर्ष 06 | अंक 367 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

मुंबई: 'लाडकी बहन योजना' महायुति सरकार की चुनावी चाल थी - अबू आजमी




Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मुम्बई : अपनी गैंग को और बढ़ाने की तैयारी में लॉरेंस बिश्नोई

## जांच एजेंसी का दावा



**मुंबई:** लॉरेंस बिश्नोई गैंग पिछले कुछ सालों से देश के अलग-अलग राज्यों में काफी एक्टिव है. इस गैंग ने देश के कई शहरों में वारदातों को अंजाम दिया है. एजेंसी के सूत्रों ने बताया है कि लॉरेंस बिश्नोई अब अपनी गैंग को और बढ़ाने की तैयारी में है. जांच एजेंसी का दावा है कि लॉरेंस बिश्नोई के निशाने पर महाराष्ट्र के दो बड़े शहरों के मजबूर और भटके हुए युवा हैं. एजेंसी का दावा है कि लॉरेंस के निशाने पर मुंबई और पुणे शहर के युवा हैं.

**भटके हुए युवाओं को बरगलाया जा रहा**

एजेंसी के सूत्रों ने यह भी दावा किया है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग युवाओं को बरगलाकर उन्हें यह बताती है कि इस गैंग में आने से उनका नाम होगा और प्रसिद्धि मिलेगी. साथ ही साथ, उनके इलाके में उनका रुतबा भी होगा. देश में ऐसे कई शहर हैं, जहां लॉरेंस बिश्नोई गैंग के कई गुर्गे उसके एक इशारे पर काम करने को तैयार बैठे हैं और काम कर भी रहे हैं.

**गैंग में शामिल करने का ऑनलाइन तरीका**

एजेंसी का यह भी दावा है कि यह गैंग लोगों को ऑनलाइन यानी कि सोशल मीडिया के माध्यम से रिक्रूट कर रही है. सोशल मीडिया पर ऐसे युवाओं को निशाना बनाया जा रहा है जो बेरोजगार होते हैं और सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव रहते हैं.

**यूपी-बिहार, पंजाब और हरियाणा के युवा पहले ही शामिल**

अब तक इस गैंग में ज्यादातर उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब और हरियाणा से लोगों को रिक्रूट करने की जानकारी एजेंसी के पास है. अब लॉरेंस बिस्नोई गैंग की नजर महाराष्ट्र पर भी है. महाराष्ट्र में भी यह गैंग के गुर्गे लोगों का रिक्रूटमेंट कर रहे हैं. जांच एजेंसियों ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सोशल मीडिया पर नजर बनाए रखी है.

# मुंबई : घाटकोपर में मराठी और गैर-मराठी समाज के बीच तनाव बढ़ा



**मुंबई:** सपनों का शहर मुंबई में विभिन्न जातियों और धर्मों के लोग रहते हैं, जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं. कोई क्या खाता-पीता है, यह वास्तव में एक निजी मामला है, लेकिन पिछले कुछ महीनों से मुंबई में खान-पान के मुद्दे पर बहस चल रही है. आरोप है कि उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया जा रहा है. महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने आरोप लगाया है कि घाटकोपर में एक मराठी परिवार के साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया. मनसे का आरोप है कि एक गुजराती परिवार ने एक मराठी परिवार का अपमान किया, क्योंकि वे मांसाहारी भोजन खाते हैं. मनसे के एक पदाधिकारी ने इस संबंध में पोस्ट किया. अब ऐसा लगता है कि मुंबई में मराठी बनाम अमराठी बहस फिर से अपने चरम पर पहुंच गई है. इससे नया बवाल मचने की संभावना है.

# वसई रोड और वैतरणा स्टेशनों के बीच 8/19 अप्रैल, 2025 की मध्यरात्रि को सप्ताहांत नाइट ब्लॉक




**मुंबई:** पश्चिम रेलवे ने मुंबई लोकल ट्रेन अपडेट साझा करते हुए कहा कि वह इस सप्ताहांत वसई रोड और वैतरणा स्टेशनों के बीच एक नाइट ब्लॉक संचालित करेगा. एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पटरियों, सिग्नलिंग और ओवरहेड उपकरणों के रखरखाव कार्य को करने के लिए, शुक्रवार/शनिवार यानी 18/19 अप्रैल, 2025 की मध्यरात्रि को वसई रोड और वैतरणा स्टेशनों के बीच अप और डाउन फास्ट लाइनों पर तीन घंटे का जंबो ब्लॉक लिया जाएगा. मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अप फास्ट लाइन पर ब्लॉक 23.50 बजे से 02.50 बजे तक लिया जाएगा, जबकि डाउन फास्ट लाइन पर यह 01.30 बजे से 04.30 बजे तक होगा. ब्लॉक के कारण, ट्रेन संख्या 19101 विरार-भरूच मेमू 10 मिनट देरी से चलेगी और इसलिए यह अपने निर्धारित प्रस्थान समय 4:35 बजे के बजाय 4:45 बजे विरार से रवाना होगी. बयान में कहा गया है, ह्यइसलिए, रविवार, 20 अप्रैल, 2025 को पश्चिमी रेलवे के उपनगरीय खंड पर दिन के समय कोई ब्लॉक नहीं होगा.ह्व इस बीच, मध्य रेलवे के मुंबई डिवीजन ने गुरुवार को कहा कि वह 20.04.2025 को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए अपने उपनगरीय खंडों पर मेगा ब्लॉक संचालित करेगा.

## मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के निरीक्षण के लिए
# जापान, भारत को दोस्ती का तोहफा देगा



**मुंबई:** जापान, भारत को दोस्ती का तोहफा देगा। वह भारत को दो शिंकानसेन ट्रेन सेट देगा। ये ट्रेनें ई-5 और ई-3 मॉडल की होंगी। इन ट्रेनों का इस्तेमाल मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के निरीक्षण के लिए होगा। अभी इस कॉरिडोर का काम चल रहा है। ये दोनों ट्रेनें 2026 की शुरूआत तक भारत पहुंच जाएंगी। इन ट्रेनों से भारतीय इंजीनियरों को शिंकानसेन तकनीक को समझने में मदद मिलेगी। इससे कॉरिडोर के शुरू होने से पहले ही वे तकनीक से परिचित हो जाएंगे।

जापान टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देश 2030 के दशक की शुरूआत में मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर पर अगली पीढ़ी की ई-10 सीरीज की शिंकानसेन ट्रेनें चलाने की योजना बना रहे हैं।

**मुंबई की ओर से काम धीमा**

इस कॉरिडोर का पहला चरण अगस्त 2026 में शुरू होने की उम्मीद है। यह 48 किलोमीटर का हिस्सा होगा जो सूरत और बिलिमोरा के बीच होगा। बाकी हिस्सों को काम पूरा होने के बाद धीरे-धीरे खोला जाएगा। महाराष्ट्र में काम थोड़ा धीमा चल रहा है। इसकी वजह है टनल बोरिंग मशीनों के आने में देरी। टनल बोरिंग मशीनों एक तरह की मशीन होती है जो जमीन के अंदर सुरंग बनाने का काम करती है।

**292 किमी तक बना पुल**

बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए पुल बनाने का काम 292 किलोमीटर तक हो चुका है। खंभों का काम 374 किलोमीटर तक पूरा हो गया है। खंभों की नींव का काम 393 किलोमीटर तक हो चुका है और गार्डर कास्टिंग 320 किलोमीटर तक हो चुकी है। गार्डर पुल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है।

**इन नदियों के ऊपर बने रेल ब्रिज**

14 नदियों पर पुल बन चुके हैं। इनमें पार (वलसाड जिला), पूर्णा, मिंधोला, अंबिका, वेंगनिया, कावेरी और खरेरा (सभी नवसारी में), औरंगा और कोलक (वलसाड), मोहर और मेश्वा (खेड़ा), धाधर (वडोदरा), वत्रक (खेड़ा), और किम (सूरत) नदियां शामिल हैं।

सात स्टील के पुल और पांच प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट पुल भी बन चुके हैं। प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट पुल पुल एक खास तरह के कंक्रीट से बने होते हैं जो बहुत मजबूत होते हैं।

# मुम्बई : 37 साल से फरार एक गैंगस्टर को गिरफ्तार



**मुंबई:** मुंबई के आजाद मैदान पुलिस ने 37 साल से फरार एक गैंगस्टर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार गैंगस्टर जिस पर हत्या के प्रयास और अवैध हथियार रखने जैसे गंभीर अपराध दर्ज थे. आरोपी पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए उन पहाड़ी इलाकों जहां मोबाइल नेटवर्क नही होता था वहां छिपा हुआ था, लेकिन पुलिस ने तलाश जारी रखी. अंततः बिना किसी ठोस जानकारी के आजाद मैदान पुलिस की तड़ीपार सेल ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम मंगेश गोविंद मोरे उर्फ मंगेश मांजरेकर है. वह डोंबिवली के शास्त्री नगर इलाके का रहनेवाला था. मोरे 37 साल पुराने एक हत्या के प्रयास के मामले में फरार था. आरोपी 1988 से पुलिस की पकड़ से बचता हुआ छिप रहा था. पुलिस के पास कोई ठोस जानकारी नहीं थी.

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### अवकाश की तफरीह में...

छुट्टी में शरीक गलबहियों का असर यह कि सार्वजनिक आयोजन भी कहीं तफरीह करने निकल गए। हिमाचल दिवस की रौनक का जज्बा इस बार किलाड़ में देखा गया, लेकिन जिला के उदास मंचों से सार्वजनिक हाजिरी नदारद रही। हमारी भीड़ अब गुलदस्ते में फूल नहीं, स्वार्थ की भूल भुलैया में खुश है। यूं तो वर्ष भर हिमाचल दिवस का आंगन शिमला के सचिवालय में सजता है और मंत्रियों के आगे सजदा करती भीड़ में कार्यसंस्कृति खाली कनस्तर बन जाती है, मगर राष्ट्रीय-प्रादेशिक पर्व के अवकाश अब घर की तिजोरी में गुम हो रहे हैं। जिलों के सार्वजनिक अवकाश के फैशन में इस बार हिमाचल दिवस की पलकें इंतजार करती रहीं, लेकिन राज्य का उत्सव व उत्साह वहां नहीं आया। क्यों न हम इन्हें हिमाचल उत्सव की तरह जिलों में मनाएं। क्यों न हिमाचल के विभिन्न वर्गों व विशेषज्ञों से इस अवसर पर चर्चा कराएं। हिमाचल दिवस क्यों चंद सरकारी घोषणाओं का मंच बनकर एक राज्य स्तरीय समारोह के अलावा अन्य स्थानों पर औपचारिक रस्म बन गया। हिमाचल दिवस के संदर्भ अगर सार्वजनिक करने हैं, तो हर विभाग को अपनी योजनाओं और राज्य के भविष्य के पक्ष में चर्चाएं-परिचर्चाएं और नए मजमून तैयार करने होंगे। मसलन अगर स्वास्थ्य मंत्री कांगड़ा में हिमाचल दिवस के मुख्यातिथि हैं, तो वहां एक हफ्ते की सरगर्मियों चिकित्सा से जुड़े विषयों पर बहस के मसौदों पर खुल कर बात करें। क्यों न पुलिस मैदान पर हिमाचल दिवस के मुख्यातिथि से पूछा जाए कि वहां से चंद कदम दूर जोनल अस्पताल में महीनों से एमडी(मेडिसन) का कोई विशेषज्ञ डाक्टर नहीं भेज पा रहा।

अगर काबिना रैंक पर्यटन विभाग की अस्मिता ढोने वाले आरएस बाली हमीरपुर के समारेह में शिरकत करते हुए यह खाका पेश नहीं करते कि जिले में पर्यटन के मायने कैसे मजबूत होंगे, तो हम अवसर गंवा रहे हैं। जहां शहरी विकास मंत्री मुख्यातिथि बने वहां कम से कम शहरी निकायों का भविष्य तो समझाया जाए। इसी परिप्रेक्ष्य में हर जिला में मुख्यातिथि से संबद्ध विभाग की कम से कम एक हफ्ता कार्यशाला लगे और जनता के सुझाव व स्वतंत्र आलोचना के सबक दर्ज करके, एक रिपोर्ट पेश की जाए। दरअसल हिमाचल दिवस की व्याख्या में प्रदेश के भविष्य की भागीदारी जनता के हर पैगाम तथा मुकाम तक पहुंचनी चाहिए। हमें मंचों से भाषण नहीं, हिमाचल दिवस की राहों से गुजर कर नई मंजिल तलाश करनी होंगी। ऐसे राज्यस्तरीय समारोहों के ताज न तो छुट्टी से मुकम्मल होंगे और न ही तोहफों के शक्ल में सरकारी शगुन रसीद होने चाहिएं। ऐसे समारोह की शोभा को घोषणाओं ने कैद कर लिया है, जबकि हर नागरिक के मन में एक ऐसा हिमाचल स्थापित करना होगा, जहां उसकी भूमिका और किरदार की संवेदना सर्वोपरि होनी चाहिए। क्यों कुछ समारोहों की खिड़कियां बंद और कुर्सियां खाली रहीं, इस पर सोचना होगा। अंततः ऐसे सार्वजनिक अवकाश की प्रासंगिकता ही क्या जहां एक पूरा दिन राज्य इसलिए विश्राम कर रहा है ताकि दुनिया में सनद रहे कि ऐसा हो सकता है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On
YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबईः 'लाडकी बहन योजना' महायुति सरकार की चुनावी चाल थी - अबू आजमी



**मुंबईः** महाराष्ट्र में माझी लाडकी बहिन योजना को लेकर सियासत गरमा गई है. विपक्ष का दावा है कि ये योजना लगभग बंद हो गई है, जबकि सरकार का कहना है ऐसा कुछ नहीं है और इस योजना को लेकर बजट आवंटित किया गया है. इस बीच महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के प्रमुख अबू आजमी का भी इस योजना को लेकर बयान सामने आया है. उन्होंने लाडकी बहिन योजना को लेकर शायरी के जरिए देवेंद्र फडणवीस सरकार पर तंज कसा है.

अबू आजमी ने एक्स हैंडल पर लिखा, 'मतलब निकल गया तो जानते नहीं, ऐसे जा रहे है जैसे पहचानते नहीं'. लाडकी बहन योजना के लिए पात्रता की जांच पहले क्यों नहीं की गई? यह जग जाहिर है की 'लाडकी बहन योजना'महायुति सरकार की चुनावी चाल थी. सरकारी कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया, यहां तक की मासूम बच्चों के मुंह से निवाला भी छीन लिया गया.''

**'ये जनता के साथ खुली धोखाधड़ी'**

उन्होंने आगे कहा, ''जनता के साथ ऐसी खुली धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कानून बनाया जाना चाहिए. इसी तरह अगर सरकारें बनने लगें तो राज्य कर्ज में डूब जाएगा और सरकारी खजाना कंगाल हो जाएगा. जिस सरकार की बुनियाद ही झूट पर हो वो महाराष्ट्र की जनता का भला कैसे कर सकती है.'' अबू आजमी ने कहा, अक्सर ये सुनने में आता है कि नोट के जरिए वोट खरीदे जाते हैं. महाराष्ट्र सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले जल्दी जल्दी लाडकी बहिन योजना के नाम पर 1500 के हिसाब से 2 करोड़ 58 लाख रुपये बांट दिए. ये ठीक वैसा ही है जैसे चुनाव में वोट के लिए पैसे बांटे जाते हैं.

**'सरकारी कर्मचारियों के वेतन में आई दिक्कत'**

महाराष्ट्र सपा प्रमुख ने दावा किया कि लाडकी बहिन योजना की वजह से सरकारी कर्मचारियों की वेतन में देरी हुई, अस्पतालों में डॉक्टरों को पैसे नहीं दिए गए. बच्चों के मिड डे मील में कटौति कर दी गई.

# ठाणे : 2020 में लड़के की हत्या के मामले में व्यक्ति हिरासत में



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पांच साल पहले की गई एक सत्रह साल के लड़के की हत्या के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने हत्यारे को भी गिरफ्तार किया है। साथ ही उससे पूछताछ के बाद शव के अवशेष बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, भिवंडी निवासी सोहेब शेख 20 नवंबर, 2020 को लापता हो गया था। स्थानीय पुलिस ने जांच शुरू की, लेकिन लंबे समय तक कोई प्रगति नहीं हो सकी। बाद में साल, 2023 में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया, जिसकी पहचान गुलाम रब्बानी के रूप में हुई, जो एक मदरसे से जुड़ा था, लेकिन वह उन्हें चकमा देकर भाग निकला। हाल ही में एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने हाल ही में रब्बानी को गिरफ्तार किया। जिसके बाद आरोपी के कबूलनामे के आधार पर बुधवार को एक दुकान से शवों के अवशेष निकाले गए। उन्होंने बताया कि हत्या के पीछे का मकसद अभी पता नहीं चल पाया है।

# फर्जी एचएसआरपी नंबर प्लेट बनाने की वेबसाइट बनाने वाला गिरफ्तार




**मुंबई :** महाराष्ट्र में उच्च सुरक्षा नोंदनी क्रमांक (एचएसआरपी) प्लेट से संबंधित एक बड़ी साइबर ठगी का खुलासा हुआ है। सहायक परिवहन आयुक्त गजानन नाना ठोंबरे की शिकायत पर दर्ज मामले में महाराष्ट्र परिवहन विभाग द्वारा एचएसआरपी प्लेट्स को लेकर नागरिकों की सुरक्षा और सुप्रीम कोर्ट के निदेशों के तहत सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

महाराष्ट्र सरकार ने 01 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत सभी पुराने वाहनों पर एचएसआरपी प्लेट लगाना अनिवार्य किया है। इसके लिए परिवहन विभाग ने तीन अधिकृत एजेंसियों का चयन किया है, जिनकी जानकारी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://trfsport.mhrshtr.gov. if पर दी गई है। हालांकि, कुछ साइबर अपराधियों ने इस स्थिति का फायदा उठाते हुए नकली वेबसाइट https://ifdfumberplte.com बनाई और नागरिकों को धोखाधड़ी से फंसाया। इस पर साइबर पुलिस स्टेशन, दक्षिण विभाग, मुंबई में बीएनएस की धारा 318 (3) और आईटी एक्ट की धारा 66 (क), 66 (ड) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। तकनीकी जांच में यह सामने आया कि उक्त फर्जी वेबसाइट का निर्माण विनोद व्यंकट बावले नामक व्यक्ति ने किया था, जो बेंगलुरु, कर्नाटक का निवासी है। सपोनि रुपाली चौधरी, इशान खरोटे व अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने यशवंतपुरा पुलिस स्टेशन, बेंगलुरु से आरोपी को गिरफ्तार किया। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर, विशेष पुलिस आयुक्त देवेन्द्र भारती, व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन रहा।

# गोखले ब्रिज का दूसरा हिस्सा खुलने के साथ ही बन सकता है फिर चर्चा का केंद्र...





**मुंबई :** अंधेरी का सी.डी. बर्फीवाला ब्रिज जो पिछले साल गोखले ब्रिज के एक हिस्से के खुलने के बाद चर्चा का विषय बन गया था। क्योंकि बर्फीवाला और गोखले ब्रिज जुड़ नहीं पाया था। बर्फीवाला ब्रिज ऊपर उठाकर आखिरकार गोखले ब्रिज के साथ जोड़ा गया है।

गोखले ब्रिज भी बनकर तैयार है और मई में खोला जाना है। मई में गोखले ब्रिज और बर्फीवाला ब्रिज साथ में खोला जाना है लेकिन उसके पहले ही ब्रिज के निर्माण पर सवाल खड़ा किया जाने लगा है। गोखले ब्रिज जिसके अंधेरी पश्चिम की ओर निकास मार्ग को लेकर पहले ही चिंताएं जताई जा रही हैं। बर्फीवाला फ्लाईओवर से उतरते ही वाहन चालकों को एक बड़े गड्ढे का सामना करना पड़ेगा, जो निमार्णाधीन जेवीपीडी (जुहू विले पार्ले डेवलपमेंट) फ्लाईओवर के लिए खोदा गया है। सीधा रास्ता न होने के कारण वाहन चालकों को जुहू की ओर जाने के लिए 90 डिग्री का तेज मोड़ लेना होगा। इस जंक्शन पहले से ही ट्रैफिक का जमावड़ा रहता है। क्योंकि फ्लायओवर के नीचे से आने वाला ट्रैफिक भी यहीं मिलता है। अंधेरी लोखंडवाला ओशिवारा सिटिजन्स असोसिएशन के निदेशक धवल शाह ने कहा, अगर इस समस्या का तुरंत समाधान नहीं किया गया तो गोखले ब्रिज के दूसरे चरण के बहुप्रतीक्षित उद्घाटन पर अव्यवस्था का साया पड़ सकता है।

# बॉम्बे हाईकोर्ट की होर्डिंग लगाने का विरोध करने पर धमकाने के मामले में तल्ख टिप्पणी; पुलिस से स्पष्टीकरण मांगा

**मुंबई :** बॉम्बे हाईकोर्ट ने शहर के एक स्कूल द्वारा अपने परिसर में होर्डिंग लगाने का विरोध करने पर उसे धमकाने के मामले में तल्ख टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि क्या हम ऐसे राज्य में रहते हैं, जहां कानून के शासन की जगह सिर्फ धनबल और बाहुबल का बोलबाला है। कोर्ट ने संबंधित क्षेत्र के ऑडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस से इस संबंध में हलफनामे में स्पष्टीकरण मांगा है। यह स्कूल बांद्रा (वेस्ट) में स्थित है और इंटरनैशनल बैकलॉरिएट से संबद्ध है। यहां तीन से नौ वर्ष की उम्र के 300 से अधिक बच्चे पढ़ते हैं। स्कूल की ओर से बॉम्बे एजुकेशन ट्रस्ट ने याचिका दायर की है। याचिका में दावा किया गया है कि एक मंडल ने बीएमसी की अनुमति के बिना स्कूल की दीवार पर होर्डिंग लगा दी और इस पर लाइसेंस नंबर का भी उल्लेख नहीं था।



**बच्चों की सुरक्षा को लेकर जताई चिंता**


याचिका के अनुसार, यह होर्डिंग स्कूल के बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा साबित हो सकती है। दरअसल स्कूल के जिस हिस्से में होर्डिंग लगाई गई, वहीं पर बच्चे बस में चढ़ने के लिए इकठ्ठा होते हैं। ट्रस्ट ने अदालत से स्कूल की बाउंड्री वॉल और आसपास के फुटपाथ पर लगे सभी अवैध होर्डिंग्स, बैनर और पोस्टर हटाने का निर्देश देने की मांग की है।

**'धमकाने की प्रवृत्ति ठीक नही'**

याचिका में यह भी कहा गया है कि मंडल की ओर से राजनीतिक प्रभाव का प्रयोग करते हुए स्कूल प्रशासन को धमकाया गया। सुनवाई के दौरान बेंच को बताया गया कि दीवार पर लगाए गए बैनर को मुंबई पुलिस और बीएमसी अधिकारियों ने हटा दिया है, लेकिन स्कूल को अप्रत्यक्ष रूप से एक संदेश भेजा गया है कि सभी उत्सवों और दूसरे मौकों पर स्कूल की कंपाउंड वॉल और परिसर में होर्डिंग लगाई जाएगी। इस पर बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता के वकील द्वारा दी गई जानकारी पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं दिखता है।

# मुंबई: बिडवलकर हत्या मामले में राजनीतिक हस्तक्षेप की जांच करें


**मुंबई:** आम आदमी पार्टी (आप) ने मांग की है कि बिडवलकर हत्या मामले में राजनीतिक हस्तियों का हस्तक्षेप है और इस संबंध में जांच होनी चाहिए। वैभव नाइक सहित शिवसेना के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला पुलिस अधीक्षक से संपर्क किया। पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार अग्रवाल ने सदस्यों को मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया।



**प्रकाश बिडवलकर हत्या मामले से नीलेश राणे से कोई संबंध नहीं**

पुलिस ने चेंदावन नाइकवाड़ी निवासी सिद्धिविनायक उर्फ प्रकाश बिडवलकर नामक युवक की हत्या के मामले में संदिग्धों को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय लोग इस घटना के संदिग्धों से बातचीत कर रहे हैं। नीलेश राणे से कोई संबंध नहीं. इसके विपरीत, इस मामले में संदिग्ध शिवसेना के उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट का एक पूर्व विधायक था। वह वैभव नाइक के साथ थे। शिंदे शिवसेना जिला प्रवक्ता रत्नाकर जोशी ने कहा कि जब यह घटना हुई तब वैभव नाइक इस निर्वाचन क्षेत्र के विधायक थे।

# मानसून से पहले नालों के काम खत्म करने का निर्देश



**नायगांव :** वसई विरार शहर महानगरपालिका अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे ने राज्य महामार्ग प्राधिकरण और अन्य संबंधित विभागों को वसई विरार शहर महानगर पालिका की सीमा के भीतर मुंबई-अहमदाबाद महामार्ग क्रमांक 48 पर नालों के काम को मानसून से पहले पूरा करने के निर्देश दिए हैं। यह जानकारी महानगर पालिका पी. आर.ओ. गणेश पाटील ने दी है। उन्होंने बताया कि, वसई विरार शहर महानगरपालिका की सीमा के भीतर मुंबई-अहमदाबाद महामार्ग क्रमांक 48 पर निचले इलाकों में जलभराव की पृष्ठभूमि में, मानसून के दौरान यातायात में बाधा उत्पन्न होने के कारण, 16 अप्रैल 2025 को सुबह 11 बजे वसोर्वा क्रीक (घोड़बंदर ब्रिज) से विरार फाटा तक अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे की उपस्थिति में निरीक्षण दौरा किया गया। इस दौरे के दौरान वसई प्रांत अधिकारी शेखर घाड़गे, एनएच 48 महामार्ग परियोजना अधिकारी सुहास चिटनीस, मनपा के प्रभारी शहर अभियंता प्रदीप पाचंगे, कार्यकारी अभियंता प्रकाश साटम व अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# मुंबईकरों के लिए राहत भरी खबर; मॉनसून में अच्छी बारिश होगी



**मुंबई :** इस बार मॉनसून में मुंबई, उपनगर और आसपास अच्छी बारिश के संकेत हैं। क्षेत्रीय मौसम विभाग के अनुसार मुंबई में सामान्य से अधिक बारिश होने की 65% संभावना का है। प्राथमिक पूर्वानुमान सही साबित हुआ, तो मॉनसून में यहां अच्छी बारिश होगी, जो मुंबईकरों के लिए राहत भरी खबर है। मुंबई जैसे घनी आबादी वाले शहर में पानी की काफी खपत है, जो यहां की झीलों से पूरी होती है। झीलों में जमा बारिश का पानी मुंबई की साल भर प्यास बुझाता है। ऐसे में, अच्छी बारिश होती है, तो मुंबईकरों को पानी कटौती का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**हर जगह महाराष्ट्र में पहुंचेगा मॉनसून**

मौसम विभाग के प्राथमिक पूवार्नुमान के अनुसार इस बार मुंबई सहित महाराष्ट्र के लिए अच्छी खबर यह है कि लगभग सभी जगह मॉनसून की उपस्थिति होगी। कई जगह नॉर्मल, तो कई जगहों पर सामान्य से अधिक तो कई क्षेत्रों में ज्यादा बारिश होने की संभावना है।

**मुंबई में होगी खूब झमाझम**

क्षेत्रीय मौसम विभाग की वैज्ञानिक सुषमा नायर ने बताया कि प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार मुंबई में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना 65% है। हालांकि, मौसम विभाग की एक और रिपोर्ट जारी की जाएगी, जिसमें मॉनसून के पैटर्न को लेकर स्थिति और स्पष्ट होगी।

# मुंबई : 37 साल पहले हत्या के प्रयास के एक मामले में अब गिरफ्तार

**मुंबई:** कहते हैं कि अपराध को छिपाने की कितनी भी कोशिश क्यों ना की जाए लेकिन एक दिन वो सामने आ ही जाता है। महाराष्ट्र के राजगढ़ से गिरफ्तार किए गए एक शख्स पर ये कहावत बिल्कुल ठीक बैठती है। इस शख्स को 37 साल पहले हत्या के प्रयास के एक मामले में अब गिरफ्तार किया गया है।



**क्या है पूरा मामला ?**

मुंबई के एक अधिकारी ने बताया कि 37 साल पुराने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित एक व्यक्ति को बुधवार को तटीय महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के एक सुदूर इलाके से गिरफ्तार किया गया। आरोपी मंगेश गोविंद मोरे उर्फ मंगेश मांजरेकर 1988 से फरार था।

अधिकारी ने बताया कि आजाद मैदान पुलिस थाने की एक टीम ने उसे महाड तहसील के नानेमाची से गिरफ्तार किया। गांव पहाड़ी इलाके में स्थित है और वहां कोई उचित सड़क नहीं है। उन्होंने बताया कि इलाके में मोबाइल नेटवर्क खराब है।

अधिकारी ने बताया कि मांजरेकर 1988 में दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान पुलिस थाने में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में वांछित था और उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। उसके खिलाफ पहले से ही अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। लेकिन वह पुलिस की पकड़ से बच निकला क्योंकि उसने खुद को परिवार से अलग कर लिया था और अपना ठिकाना बदलता रहता था। उन्होंने बताया कि महाड के रानवाड़ गांव में उनके पारिवारिक आवास पर नजर रखने वाले जांच अधिकारियों को सूचना मिली कि मांजरेकर नानेमाची इलाके में रह रहा है। इसके अनुसार, एक टीम नानेमाची भेजी गई और मांजरेकर को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे गुरुवार को अदालत में पेश किया जाएगा। इस मामले के सामने आने के बाद लोग पुलिस की तारीफ कर रहे हैं और कह रहे हैं कि अगर हर जगह की पुलिस इतनी सतर्क हो जाए तो अपराध ही नहीं होंगे।

# मुंबई: राज्य सरकार गटर की सफाई के लिए खरीदेगी 100 रोबोट

**मुंबई:** महाराष्ट्र में गटर की सफाई के लिए रोबोट खरीदने को लेकर बात चल रही है. महाराष्ट्र के मंत्री संजय शिरसाट का कहना है कि राज्य सरकार 27 नगर निगमों के लिए गटर की सफाई के लिए 100 रोबोट खरीदेगी. यह घोषणा केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने सफाई कार्यों का सामाजिक ऑडिट कराए जाने के बाद की गई है, जिसमें महाराष्ट्र सरकार को फटकार लगाई गई थी.

**18 सफाई कर्मचारियों ने अपनी जान गवाई**



ऑडिट में राज्य सरकार की सफाई कर्मचारियों की मौतों की समस्या से निपटने में विफलता को उजागर किया गया है. दरअसल गटर की सफाई के दौरान सफाई कर्मचारियों की मौत हो जाने की घटना बहुत बार सुनने में आई है ,जिसके चलते रोबोट लाने का फैसला किया जा रहा है. मुंबई, पुणे, परभणी, सतारा और शिरुर में केंद्र सरकार द्वारा किए गए सामाजिक ऑडिट ने महाराष्ट्र में सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा में अधिकारियों और ठेकेदारों की गंभीर विफलताओं को उजागर किया है. ऑडिट के अनुसार, 2021 और 2024 के बीच 18 सफाई कर्मचारियों की जान चली गई.

**सफल ट्रायल के बाद 100 रोबोट खरीदेंगे**

ऑडिट में कहा गया कि सर्वेक्षण किये गए सभी पांच स्थानों पर सुरक्षा नियम, सुरक्षात्मक उपकरण और आपातकालीन व्यवस्था लगभग पूरी तरह से नदारद थी. राज्य के सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा, 'हम सबसे पहले छत्रपति संभाजीनगर नगर निगम में नए रोबोट के साथ एक महीने का ट्रायल करेंगे. सफल ट्रायल के बाद हम 100 रोबोट खरीदेंगे. 'उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय विभाग शहरी विकास विभाग को रोबोट उपलब्ध कराएगा,'' जिसके बाद शहरी विकास विभाग उन्हें नगर निगमों को वितरित करेगा. शिरसाट ने कहा, ये नए रोबोट स्वदेशी रूप से निर्मित हैं और कम क्षमता वाले मौजूदा रोबोटों की तुलना में ज्यादा सक्षम हैं. हम जो रोबोट खरीदेंगे, उनमें सफाई और अपशिष्ट पृथक्करण की ज्यादा क्षमता होगी.



# सीमेंट कंक्रीट के काम में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई

## दो साल मनपा में काम करने पर लगाई रोक... 2 रेडी-मिक्स कंक्रीट परियोजनाओं का पंजीकरण रद्द

**मुंबई :** सीमेंट कांक्रीटीकरण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मनपा प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों और रेडी-मिक्स कंक्रीट संयंत्रों पर सख्त कार्रवाई की गई है। सड़क कार्य में लगे एक ठेकेदार को काम में लापरवाही पाए जाने पर और कामों में गुणवत्ता नहीं मिलने पर दो साल के लिए मनपा से बैन कर दिया है। मनपा में ठेकेदार दो साल तक कोई काम नहीं कर पाएगा।

मनपा प्रशासन ने जानकारी दी कि आरे कॉलोनी में दिनकरराव देसाई रोड का सीमेंट कंक्रीट और मैस्टिक डामर सुधार कार्य एक ठेकेदार के माध्यम से चल रहा है। इस काम में ठेकेदार द्वारा घटिया दर्जे का काम करने पर ठेकेदार को आगामी दो वर्षों तक मनपा के किसी भी निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इतना ही नहीं ठेकेदार पर 5 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगा दिया है। मनपा ने इसी तरह सीमेंट कंक्रीट में आने वाले मिक्स पदार्थ के स्लंप टेस्ट में गंभीर गड़बड़ियां पाए जाने के कारण दो रेडी-मिक्स कंक्रीट संयंत्रों का पंजीकरण रद्द कर दिया गया है। आगामी 6 महीनों तक किसी भी मनपा कार्य के लिए



कंक्रीट की आपूर्ति पर रोक लगाई गई है। इसके अलावा रेडी-मिक्स कंक्रीट परियोजना स्थल पर स्लम्प 160 मिमी था, जबकि वास्तविक कार्य स्थल पर स्लम्प 170 मिमी पाया गया। कंक्रीटिंग के लिए लोड को अस्वीकार कर दिया गया और संबंधित मिक्सर वाहन को वापस भेज दिया गया। इसी के चलते दो सड़क ठेकेदारों पर 20-20 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया। यह कार्रवाई मनपा आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगराणी तथा अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर के निर्देश पर की गई। स्लंप टेस्ट के मापदंडों में पाई गई खामियों के चलते यह कार्रवाई अनिवार्य हो गई थी। आयुक्त ने यह स्पष्ट किया है कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मनपा का उद्देश्य 31 मई 2025 से पहले सभी सड़कों का कांक्रीटीकरण पूर्ण करना है। इसके लिए सूक्ष्म योजना बनाई गई है और प्रत्येक सड़क कार्य की निश्चित समयसीमा तय की गई है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे कार्यस्थल पर नियमित निरीक्षण करें, गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें और लापरवाही करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाएं।

## विदेशी प्रशिक्षण नोड, औंध में शुरू हुआ संयुक्त सैन्य अभ्यास

**पुणे :** भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास डस्टलिक-श्कका छठा संस्करण पुणे के विदेशी प्रशिक्षण नोड, औंध में शुरू हुआ। यह अभ्यास 28 अप्रैल तक आयोजित किया जाना है। बता दें कि संयुक्त अभ्यास डस्टलिक-श्कएक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है। यह भारत और उज्बेकिस्तान में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। पिछला संस्करण अप्रैल 2024 में उज्बेकिस्तान के तर्मेज जिले में आयोजित किया गया था। इस अभ्यास में 60 कर्मियों की एक भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व जाट रेजिमेंट और क्अॠकी एक बटालियन द्वारा किया जा रहा है। वहीं, उज्बेकिस्तान की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व उज्बेकिस्तान सेना के जवानों द्वारा किया जा रहा है।

# डॉक्टर की लापरवाही से गर्भवती महिला और नवजात की मौत

### अस्पताल पर एफआईआर दर्ज

**ठाणे :** महाराष्ट्र की स्वास्थ्य व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं, जब ठाणे के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान कथित लापरवाही के चलते एक गर्भवती महिला और उसके अजन्मे बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना वर्ष 2022 की है, लेकिन अब सरकारी जांच रिपोर्ट में डॉक्टर की गलती साबित होने के बाद चितलसर पुलिस थाने में संबंधित डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बता दें कि घटना ठाणे के घोड़बंदर इलाके की रहने वाली एक गर्भवती । महिला की है, जिसे अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिवारवालों ने मानपाड़ा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। रातभर इलाज के



बाद भी महिला की हालत में सुधार नहीं हुआ और डॉक्टरों ने दोपहर में उसे ठाणे महानगरपालिका के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में रेफर कर दिया। वहां पहुंचने के कुछ ही देर में महिला और उसके गर्भस्थ शिशु दोनों की मौत हो गई। महिला के पति ने पुलिस को दिए बयान में अस्पताल की ओर से इलाज में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया था। इसी आधार पर जिलाधिकारी के निर्देश पर सरकारी अस्पताल द्वारा जांच शुरू की गई, जिसकी रिपोर्ट अब सामने आई है। रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि महिला को समय पर और उचित इलाज नहीं दिया गया, जिससे उसकी और उसके शिशु की मौत हुई। चौंकाने वाली बात यह है कि इस घटना के कुछ महीनों बाद महिला के पति की भी मौत हो गई। अब मृतका के पिता की शिकायत के आधार पर चितलसर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। इससे पहले पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भी आर्थिक कारणों से गर्भवती महिला को इलाज से वंचित करने का मामला सामने आया था, जिसने पूरे राज्य को झकझोर दिया था। ठाणे की यह घटना उसी दर्दनाक कहानी की पुनरावृत्ति प्रतीत होती है, जिसने आम जनता का भरोसा एक बार फिर स्वास्थ्य संस्थानों से डगमगाया है। अब देखना यह होगा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होती है या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# कांजुरमार्ग डंपिंग ग्राउंड के कचरे से भी होगा बिजली उत्पादन

## देवनार डंपिंग ग्राउंड पर बिजली उत्पादन दो से तीन महीने में होगा शुरू ...

**मुंबई :** प्रतिदिन मुंबई में साढ़े छह से सात हजार मीट्रिक टन कचरा निकलता है। कचरा मुंबई महानगर पालिका के लिए आने वाले दिनों में बड़ी समस्या बन कर उभर रहा है इसका मुख्य कारन है मुंबई के सभी डम्पिंग ग्राउंड की क्षमता खत्म हो रही है। मनपा प्रशासन इसी के चलते कचरे पर प्रोसेस करने पर जोर दिया है। मनपा ने देवनार डम्पिंग ग्राउंड पर जमा कचरे से बिजली उत्पादन का संयंत्र लगा रही है जिसकी शुरूआत अगले दो से तीन महीने

में शुरू हो जाने की जानकारी मनपा आयुक्त भूषण गगराणी ने दी उन्होंने बताया कि जल्द ही कांजूरमार्ग डम्पिंग ग्राउंड से भी बिजली उत्पादन



की शुरूआत की जाएगी। आयुक्त ने कहा कि मुंबई में हर दिन लगभग छह हजार पाँच सौ से सात हजार मीट्रिक टन कचरा तैयार होता है, जो तीन मंजिला इमारत जितना होता है। इस कचरे का वैज्ञानिक पद्धति से निपटारा किया जा रहा है और अब उससे बिजली उत्पादन भी किया जाएगा। गगराणी ''मुंबई है कहां, जा रही है कहां'' इस विषय पर एक व्याख्यान में बोल रहे थे। उन्होंने महानगर पालिका की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देवनार डम्पिंग ग्राउंड 1920 में शुरू हुआ था और अब इसकी क्षमता लगभग समाप्त हो चुकी है। यहाँ प्रतिदिन 600 मीट्रिक टन कचरे से चार मेगावाट बिजली उत्पादन का प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। गोराई और मुलुंड के डम्पिंग ग्राउंड की क्षमता समाप्त हो चुकी है इसलिए वहाँ अब कचरा नहीं डाला जाता। कांजूरमार्ग डम्पिंग ग्राउंड में दुर्गंध रोकने के लिए भी पालिका विभिन्न उपाय कर रही है। गगराणी ने यह भी बताया कि सड़कें, पुल आदि पर तो चर्चा होती है, लेकिन कुछ अदृश्य परियोजनाएँ भी हैं जो मुंबईकरों की समस्या दूर करेंगी।

## मुंबईः कला केंद्रों से जुड़े कलाकारों की शिकायतों के समाधान के उद्देश्य से दो समितियों के गठन की घोषणा

**मुंबईः** तमाशा मराठी रंगमंच का एक पारंपरिक रूप है, जिसमें गायन और नृत्य मुख्य आकर्षण होते हैं। यह राज्य के ग्रामीण इलाकों में विशेष रूप से लोकप्रिय है। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में 'तमाशा'और कला केंद्रों से जुड़े कलाकारों की शिकायतों के समाधान के उद्देश्य से दो समितियों के गठन की घोषणा की है। इन दोनों समितियों के गठन की घोषणा करते हुए राज्य के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार ने कहा कि ये पैनल तमाशा मंडली के मालिकों, कलाकारों और संगीतकारों के सामने आने वाली समस्याओं को समझेंगे। शेलार ने कहा कि ये समितियां उनकी शिकायतों के समाधान और पारंपरिक लोक कला को संरक्षित करने के उपाय सुझाएंगी।

तमाशा शिकायत निवारण समिति की अध्यक्षता सांस्कृतिक मामलों के निदेशालय के निदेशक करेंगे। समिति के सदस्यों में तमाशा मंडली के मालिक रघुवीर खेडकर, मंडली के मालिक गोपाल नाना शेषराव और संभाजी जाधव, कलाकार मंगलाताई बनसोडे और अतांबर तात्या शिरढोनकर, शोधकर्ता गणेश चंदनशिवे और खंडूराज गायकवाड़ के साथ संयुक्त निदेशक भी शामिल होंगे। कला केंद्र शिकायत निवारण समिति की अध्यक्षता भी सांस्कृतिक मामलों के निदेशक करेंगे।

# मुंबईः अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 51 वर्षीय व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबईः** महाराष्ट्र से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 51 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. उसने बैंकाक की अपनी यात्रा की जानकारी परिवार से छिपाने के लिए अपने पासपोर्ट के पन्ने फाड़े थे. पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी, जानें क्या है पूरा मामला.

रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी विजय भालेराव को सोमवार तड़के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर आव्रजन अधिकारियों ने जांच के दौरान तब रोका, जब पता चला कि उसके पासपोर्ट के कुछ पृष्ठ फटे हुए



हैं. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि भालेराव पिछले साल चार बार बैंकाक गया था और इस महीने की शुरूआत में वह मुंबई हवाई अड्डे से इंडोनेशिया गया था.

अधिकारी ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि उसने अपने परिवार से बैंकाक की यात्रा छिपाने के लिए अपने पासपोर्ट के पन्ने फाड़ दिए थे. भालेराव को सहार थाने ले जाया गया और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और पासपोर्ट अधिनियम के तहत संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया. अधिकारी ने बताया कि आगे की जांच जारी है.

### अन्य मामला

इसी बीच एक और रिपोर्ट सामने आई है. बता दें कि मुंबई एयरपोर्ट पर बैंकाक से आए एक यात्री के जूतों में करोड़ों का सोना बरामद हुआ था. उसे खुफिया निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किया गया है. मामले को लेकर अधिकारी ने बताया कि तस्करी करके लाए गए सोने के संभावित खदीदार के नाम पूछताछ में सामने आया और बाद में उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया.

## मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी के फेज-1 पर ट्रेन ट्रायल

**मुंबईः** मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) मेट्रो लाइन-2बी (डीएन नगर से मंडले) के फेज-1 पर ट्रेन ट्रायल शुरू करने जा रही है। ये ट्रायल वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने से पहले तैयारी के अंतिम चरण की शुरूआत को चिह्नित करते हैं। ये ट्रायल सुनिश्चित करेंगे कि सभी तकनीकी, सुरक्षा और परिचालन प्रणालियाँ पूर्ण समन्वय में काम कर रही हैं और निर्धारित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों को पूरा करती हैं।



# मुंबई : नकली सोने के सिक्कों की बिक्री से जुड़े मामले में दो व्यक्ति गिरफ्तार



**मुंबई :** डोंगरी पुलिस ने नकली सोने के सिक्कों की बिक्री से जुड़े एक उच्च मूल्य के धोखाधड़ी मामले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी अब्दुल रऊफ मूसा घमेरिया (52) और पामेश सुरेंद्र खिमावत (32) को कथित तौर पर एक जौहरी को असली के रूप में नकली सोने के सिक्के बेचकर 2.3 करोड़ रुपये की ठगी करने के बाद हिरासत में लिया गया। डोंगरी पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता नरेंद्र लाधुरामजी सोनी (48) से आरोपियों ने 12 अप्रैल से 14 अप्रैल, 2025 के बीच संपर्क किया था। कथित तौर पर दोनों ने प्रामाणिक दिखने वाली पैकेजिंग में 25 नकली स्विट्जरलैंड स्थित वैलकैम्बी सुइस सोने के सिक्के, जिनमें से प्रत्येक का वजन 100 ग्राम था, पेश करके उसे धोखा देने की साजिश रची। सिक्कों को असली मानकर सोनी ने 2.3 करोड़ रुपये नकद भुगतान किया। धोखाधड़ी का एहसास होने पर शिकायतकर्ता ने 15 अप्रैल को डोंगरी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। उसके बयान के आधार पर बीएनएस की धारा 316(5), 318(4) और 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया।

एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, वरिष्ठ निरीक्षक लाड और उनकी अपराध जांच टीम ने सैंडहर्स्ट रोड के पास जाल बिछाया, जहाँ आरोपियों के और नकली सिक्के लेकर आने की उम्मीद थी। एक बार नजर पड़ने पर, शिकायतकर्ता ने संदिग्धों की पहचान की, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान, दोनों ने घोटाले में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली।

# मुंबई : केईएम अस्पताल के दैनिक वेतनभोगी और बहुउद्देशीय कर्मचारी गुलाब का फूल देकर जताएंगे विरोध




**मुंबई :** बीएमसी द्वारा संचालित केईएम अस्पताल के करीब 400 दैनिक वेतनभोगी और बहुउद्देशीय कर्मचारी वरिष्ठ डॉक्टरों और अधिकारियों को गुलाब का फूल देकर विरोध जताएंगे, क्योंकि बीएमसी ने दो महीने से उनका वेतन नहीं दिया है। 'गांधीगिरी' शैली का विरोध मंगलवार, 22 अप्रैल को सुबह 11 बजे डीन के कार्यालय के बाहर किया जाएगा। कर्मचारी चतुर्थ श्रेणी में आते हैं और उन्हें औसतन 21,000 रुपये प्रति माह वेतन मिलता है। ''केवल वेतन ही नहीं, बल्कि उन्हें दिवाली बोनस भी नहीं मिला है। हम उन कर्मचारियों के साथ इस सौतेले व्यवहार का विरोध करते हैं जो दो महीने से वेतन नहीं मिलने के बावजूद बिना किसी शिकायत के अपना दैनिक काम कर रहे हैं,'' म्युनिसिपल मजदूर यूनियन (एमएमयू) के प्रदीप नारकर ने कहा।केईएम अस्पताल में करीब 111 बहुउद्देशीय कर्मचारी (जो आवश्यकता के अनुसार सभी छोटे-मोटे काम करते हैं) हैं, साथ ही शिफ्ट बदलने के लिए 42 कर्मचारी और 250 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी हैं, जिन्हें प्रतिदिन 774.46 रुपये का भुगतान किया जाता है। बुधवार, 16 अप्रैल को एमएमयू ने डीन को पत्र लिखकर विरोध प्रदर्शन की सूचना दी तथा सभी वरिष्ठ अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे 22 अप्रैल को दोपहर 12 बजे गुलाब के फूल स्वीकार करने के लिए उपस्थित हों।

# मुंबई : सड़क दुर्घटना में प्रभादेवी निवासी की मौत

**मुंबई :** प्रभादेवी स्थित वी.एस. रोड स्थित भीकू बिल्डिंग निवासी जिगर दिलीप गाला (39) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस मामले में दादर पुलिस स्टेशन में एडीआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, जिगर अपने चचेरे भाई भाविन शाह के साथ दोपहिया वाहन पर सवार होकर जा रहा था, तभी सुबह करीब 6:15 बजे प्रभादेवी में एलफिंस्टन ब्रिज के पास उनकी बाइक फिसल गई।

इसके चलते जिगर गिर गया और उसे गंभीर चोटें आईं। भाविन ने उसे तुरंत इलाज के लिए केईएम अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने इलाज के दौरान सुबह 7:40 बजे उसे मृत घोषित कर दिया।

# ठाणे : महिला पर मूसल से हमला; आरोपी को निजी और जमानती बांड पर जमानत...



**ठाणे :** नाटकीय घटनाक्रम में, एक महिला जिस पर उसके पति ने कथित तौर पर पत्थर के मूसल से हमला किया था, ने ठाणे सत्र न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, अपने पति की रिहाई की मांग की, जिसे हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अदालत के समक्ष दायर अपने हलफनामे में, महिला ने कहा कि चूंकि आरोपी जेल में है, इसलिए वह और उनके बच्चे सबसे अधिक पीड़ित हैं, क्योंकि वह परिवार का एकमात्र कमाने वाला है।

अदालत के समक्ष प्रस्तुत परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, न्यायाधीश ने आरोपी नीलेश खाड़े को 50,000 रुपये के निजी और जमानती बांड पर जमानत दे दी। पीड़िता मीना सिंह ने अपने जवाब में कहा, ''पीड़िता आरोपी की पत्नी है और अपने दो नाबालिग बच्चों के साथ अत्यधिक कठिनाई का सामना कर रही है, जो वर्तमान में अपनी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उसने यह भी कहा कि आरोपी उनके परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य है, और उसकी गिरफ्तारी के कारण, वह और बच्चे गंभीर वित्तीय और भावनात्मक संकट का सामना कर रहे हैं, जिससे उनकी आजीविका को बनाए रखना और बच्चों की शिक्षा और बुनियादी जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो रहा है। इसलिए, ऐसा प्रतीत होता है कि आरोपी के जेल में होने के कारण, अंतिम पीड़ित पीड़िता और उसके बच्चे हैं।''

# मुंबई : जीएसटी अधिकारी के खिलाफ धोखाधड़ी में कथित रूप से मदद करने का मामला दर्ज...




**मुंबई :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारी के खिलाफ 4.69 करोड़ रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट धोखाधड़ी में कथित रूप से मदद करने का मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान 59 वर्षीय जी के लाड के रूप में हुई है, जो मझगांव स्थित राज्य जीएसटी कार्यालय में काम करता है।

एसीबी के अनुसार, एक फर्जी निजी कंपनी ने फर्जी दस्तावेज जमा करके जीएसटी नंबर हासिल किया था, जिसमें लाड के कार्यालय को व्यवसाय का स्थान दिखाया गया था। इसके बाद, फर्म ने कोई कर न चुकाने के बावजूद 4.69 करोड़ रुपये का कर वापसी आवेदन प्रस्तुत किया।

# मुंबई : गवाहों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए तीन समितियों का गठन



**मुंबई :** गवाह संरक्षण एवं सुरक्षा अधिनियम, 2017 को लागू करने के आठ साल बाद सरकार ने आपराधिक मुकदमों में गवाहों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए तीन समितियों का गठन किया।

गृह विभाग के आदेश के अनुसार, एक समिति राज्य स्तर पर, एक जिला स्तर पर और तीसरी पुलिस आयुक्तालयों के लिए होगी। राज्य स्तरीय समिति की अध्यक्षता राज्य खुफिया ब्यूरो के आयुक्त करेंगे; सहायक महानिरीक्षक (कानून और व्यवस्था) सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे; और विशेष महानिरीक्षक (कानून और व्यवस्था) और गृह विभाग के संयुक्त सचिव सदस्य होंगे।

मेट्रो शहरों के लिए समिति पुलिस आयुक्तों के अधीन होगी, और इसके सदस्य नगर आयुक्त, उप पुलिस आयुक्त या उससे ऊपर के रैंक के दो अधिकारी और एक जिला सरकारी वकील होंगे। एक सहायक पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेगा।

# मुंबई तटीय पुलिस के लिए 20 नई गश्ती नौकाओं की खरीद के लिए 118 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी...



**मुंबई :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी 26/11 के कथित आतंकी साजिशकर्ता तहव्वुर राणा से पूछताछ जारी रखे हुए है, जिसे हाल ही में भारत प्रत्यर्पित किया गया है, महाराष्ट्र सरकार 2008 के आतंकी हमलों के दौरान उजागर हुई खामियों को दूर करने के लिए मुंबई के तटीय सुरक्षा ढांचे में सुधार कर रही है। राज्य ने मुंबई तटीय पुलिस के लिए 20 नई गश्ती नौकाओं की खरीद के लिए 118 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

इसके अतिरिक्त, 13 गैर-कार्यात्मक नौकाओं की मरम्मत और उन्नयन के लिए 14 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिनमें इंजन प्रतिस्थापन से जुड़े धोखाधड़ी के कारण बेकार हो चुकी 10 स्पीडबोट शामिल हैं। वर्तमान में, मुंबई की तटीय पुलिस कथित तौर पर 23 नौकाओं का बेड़ा संचालित करती है, जिनमें से अधिकांश 26/11 के हमलों के बाद हासिल की गई थीं, जब 10 पाकिस्तानी आतंकवादी समुद्र के रास्ते मुंबई में घुस आए थे, जिसमें 166 लोग मारे गए थे और सैकड़ों घायल हो गए थे। जवाब में, राज्य ने 2011 में 28 नौकाएँ खरीदी थीं और केंद्र ने महाराष्ट्र को 27 और प्रदान की थीं, जिनमें से चार मुंबई को आवंटित की गई थीं।

# मुंबई : 442 चिकित्सा अधिकारियों की सेवाएं समाप्त करने के आदेश



**मुंबई :** लोक स्वास्थ्य विभाग ने 442 चिकित्सा अधिकारियों की सेवाएं समाप्त करने के आदेश जारी किए, जो पिछले एक साल से काम पर नहीं आए थे। ऐसे समय में जब राज्य द्वारा संचालित चिकित्सा केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, ग्रामीण अस्पतालों और जिला अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी थी, ये 442 डॉक्टर अपनी नियुक्ति के स्थानों पर गायब थे, ऐसा शिवसेना के मंत्री प्रकाश अबितकर की अध्यक्षता वाले विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है।

इस अनुपस्थिति को अवैध माना गया है। सूत्रों का कहना है कि ये डॉक्टर शायद निजी प्रैक्टिस करना पसंद करते थे, लेकिन उन्होंने एक साल से अधिक समय तक राज्य के पदों को अवरुद्ध कर रखा था, जो अवैध और अनैतिक है, एक अधिकारी ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा। साथ ही, चिकित्सा अधिकारियों द्वारा अनुपस्थिति के लिए दिए गए कारण आश्वस्त करने वाले नहीं थे। नतीजतन, उन्हें बर्खास्त करने का प्रस्ताव पिछले महीने स्वास्थ्य सेवा आयुक्त के कार्यालय द्वारा पेश किया गया था।

# नई दिल्ली : हिंदू जजों की पीठ को वक्फ से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई नहीं करनी चाहिए

**नई दिल्ली :** वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने के समर्थन में केंद्र द्वारा पेश की गई उस दलील पर कड़ा संज्ञान लिया कि इस तर्क के अनुसार हिंदू जजों की पीठ को वक्फ से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई नहीं करनी चाहिए. चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जज संजय कुमार और जज केवी विश्वनाथन की पीठ वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के उन प्रावधानों पर सवाल कर रही थी जो केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति की अनुमति देते हैं.

चीफ जस्टिस ने कहा, ह्यक्या आप ये सुझाव दे रहे हैं कि मुस्लिमों सहित अल्पसंख्यकों को भी हिंदू धार्मिक संस्थानों का प्रबंधन करने वाले बोर्ड में शामिल किया जाना चाहिए? कृपया इसे खुलकर बताएं.ह्न

मामले में केंद्र का प्रतिनिधित्व करते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रावधानों का बचाव करते हुए जोर दिया कि गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करना सीमित है और इन निकायों की मुख्य रूप से मुस्लिम संरचना को प्रभावित नहीं करता है.

मेहता ने यह भी कहा कि गैर-मुस्लिम भागीदारी पर आपत्ति तार्किक रूप से न्यायिक निष्पक्षता तक विस्तारित हो सकती है और उस तर्क से पीठ स्वयं मामले की सुनवाई करने से



''अयोग्य'' हो जाएगी. मेहता ने कहा कि यदि वैधानिक बोर्ड में गैर-मुस्लिमों की उपस्थिति पर आपत्ति स्वीकार कर ली जाती है तो वर्तमान पीठ भी मामले की सुनवाई नहीं कर पाएगी. उन्होंने कहा, ''तब यदि हम उस तर्क के अनुसार चलते हैं, तो माननीय (मौजूदा पीठ के न्यायाधीश) इस मामले की सुनवाई नहीं कर सकते.''

चीफ जस्टिस ने कहा, ''नहीं, माफ कीजिए मिस्टर मेहता, हम केवल न्याय निर्णय के बारे में बात नहीं कर रहे हैं. जब हम यहां बैठते हैं तो हम किसी धर्म के मानने वाले नहीं रह जाते हैं. हम पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष हैं. हमारे लिए एक पक्ष या दूसरा पक्ष समान है.''


दरअसल सुनवाई के दौरान पीठ और सॉलिसिटर जनरल के बीच तब तीखी नोकझोंक हुई जब न्यायाधीशों ने वक्फ प्रशासन में गैर-मुस्लिमों को अनुमति देने के पीछे के तर्क पर सवाल उठाया, जबकि हिंदू धार्मिक संस्थाओं पर समान पारस्परिकता लागू नहीं होती.

विधि अधिकारी ने कहा कि वक्फ परिषद में पदेन सदस्यों के अलावा दो से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल नहीं किया जाएगा. उन्होंने एक हलफनामे में यह बात कहने की पेशकश की. हालांकि पीठ ने कहा कि नए अधिनियम के तहत केंद्रीय वक्फ परिषद के 22 सदस्यों में से केवल आठ मुस्लिम होंगे. पीठ ने पूछा, ''यदि आठ मुस्लिम हैं, तो दो ऐसे न्यायाधीश भी हो सकते हैं जो मुस्लिम न हों. इससे गैर-मुस्लिमों का बहुमत हो जाता है. यह संस्था के धार्मिक चरित्र के साथ कैसे संगत है?''

उसके बाद तनाव तब कुछ समय के लिए बढ़ गया जब विधि अधिकारी ने सभी हिन्दू न्यायाधीशों वाली पीठ की निष्पक्षता पर सवाल उठाया. इस पर पीठ ने कहा, ''जब हम यहां बैठते हैं, तो हम अपनी व्यक्तिगत पहचान त्याग देते हैं. हमारे लिए कानून के समक्ष सभी पक्ष समान हैं. यह तुलना पूरी तरह से गलत है.'' इसने पूछा, ''फिर हिंदू मंदिरों के सलाहकार बोर्ड में गैर-हिंदुओं को क्यों नहीं शामिल किया जाना चाहिए?''

## सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की डीएम ने की समीक्षा

**सीतापुर।** डीएम अभिषेक आनंद ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा की। कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान डीएम ने बैंक शाखावार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शाखा प्रबंधकों को कड़े निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही करने वाले बैंक अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। एक्सिस बैंक शाखा कनायतपुर और सीतापुर में माह फरवरी से लंबित प्रकरणों के सापेक्ष संतोषजनक उत्तर नहीं पाया गया। डीएम ने क्षेत्रीय कार्यालय को पत्र प्रेषित कराते हुए नियमानुसार कार्रवाई के लिए कहा। एसबीआई बिसवां खुर्द में दो प्रकरणों में आवेदित राशि से अधिक कटौती किए जाने पर जांच के लिए पत्रावलियां प्रेषित करने के निर्देश दिए। इडीएम अभिषेक आनंद ने एचडीएफसी बैंक की कई शाखाओं में



मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना समीक्षा करते डीएम।

लंबित प्रकरणों के संबंध में जोनल कार्यालय को पत्र प्रेषित करने को कहा। डीएम ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष योजना में 22सौ आवेदन का लक्ष्य जिले को प्राप्त हुआ है। इसके लिए व्यापक अवसर पर प्रयास करने के निर्देश दिए। सीएमओ डॉक्टर सुरेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, लीड बैंक मैनेजर अनल कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने निवेशकों से संबंधित समस्याओं के निराकरण को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की।

## हाईवे पर स्पीड लिमिट के लगवाए जाएं साइनेज बोर्डः डीएम

**फतेहपुर।** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सड़क सुरक्षा से संबंधित पिछली बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन आख्या की समीक्षा करते हुए विस्तृत चर्चा की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत नेशनल हाईवे कानपुर-प्रयागराज मार्ग में आवश्यकतानुसार स्पीड लिमिट के साइनेज बोर्ड लगवाये जाय एवं स्पीड डिटेक्ट करने के लिए नेशनल हाईवे में कैमरे लगवाने के प्रस्ताव बनाकर शासन स्तर प्रत्याचार किया जाय, साथ ही जिन स्थानों पर कैमरे लगाये जाने है, के लिए पुलिस विभाग स्थान चिन्हित कर रिपोर्ट से अवगत कराएं। उन्होंने सड़क निर्माण से संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया जो ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गये हैं वहां पर साइनेज बोर्ड लगवाये जाएं। इसके कारण भी अंकित करे और तकनीकी सुधार क्या किये जा सकते हैं वो भी कराया जाये। नाबालिक ई-रिक्शा चालकों पर अभियान चलाकर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए ई-



रिक्शा वाहनों को सीज किया जाये।

सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत शहर के भीड़भाड़, दुर्घटना वाले क्षेत्रों में रेड लाइट, सिग्नल आवश्यकतानुसार लगाए जाने के निर्देश संबंधितो को दिये। अनफिट वाहनों के संचालन की पुनरावृत्ति पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाये।वाहन चालकों द्वारा यातायात के नियमों का उलंघन बार-बार करते हुए पाए जाने पर ड्राइविंग लाईसेंस नियमानुसार निरस्त करते हुए कार्यवाही करें। साथ ही विभिन्न मध्यमो से प्रचार-प्रसार भी कराया जाये। पुलिस विभाग, परिवहन विभाग संवेदनशीलता के साथ प्रवर्तन की कार्यवाही निरंतर करें। वाहन चालकों को यातायात के नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चालको को हेलमेट, चार पहिया वाहन चालको को सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक किया जाये। वाहनों में मोडिफाइड साइलेंसर तथा प्रेशर हॉर्न लगाने वाले अधिष्ठानों/दुकानों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश संबंधितों को दिये। स्कूली वाहन मनको के अनुरूप चलाये जाय, का विशेष ध्यान रखें। एडीएम (वित्त/राजस्व) अविनाश त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, उप संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन/प्रशासन, जिला विद्यालय निरीक्षक, एनएचआई रायबरेली, कानपुर के पदाधिकारी, टीएसआई यातायात, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सदर, समिति के सदस्य अशोक तपस्वी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## कुआ में गिरने से किसान की मौत

**राठ (हमीरपुर)।** खेत में फसल की रखवाली करते समय जानवर भगा रहे किसान की कुआं में गिरकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। कोतवाली के ददरी गांव निवासी जगत सिंह राजपूत ने बताया कि उसके पास सात बीघा जमीन है। इस वर्ष उसने गेहूं की फसल की थी। अभी उसकी फसल खेत में खड़ी हुई। जिसकी रखवाली करने के लिए उसका इकलौता पुत्र 37 वर्षीय ओमप्रकाश राजपूत खेत में था। बताया कि सोमवार की रात खेत में जानवर भगा रहा था। तभी खेत में बने कुएं में गिर गया। जब मंगलवार को वह खेत पर गए तो कुएं के पास उसकी चप्पल पड़ी थी। जब कुएं में देखा तो वह वहीं पड़ा था। जब उसे बाहर निकाला तो उसकी मौत हो गई थी। कुएं में लोहे का पंखा लगा था। जिस पर गिरने से उसके सिर पर गंभीर चोट लगी थी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बीती रात हादसे में घायल युवक ने सदर अस्पताल में तोड़ा दम

**सुमेरपुर।** बीती रात हाईवे में गैस गोदाम के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक कस्बे में रहकर खिड़की दरवाजा बनाने वाले कारखाने में कार्य करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। जलालपुर थानाक्षेत्र के छेड़ीबेनी गांव निवासी उमर खान ;35द्ध पुत्र समर खान कस्बे में छोटे पावर हाउस के सामने खिड़कीए दरवाजा रेलिंग बनाने वाले कारखाने में कार्य करता था। बीती रात वह बाइक से गांव जा रहा था।गैस गोदाम के समीप हाईवे में इसको किसी वाहन ने जोरदार टक्कर मारकर भाग निकला। टक्कर लगने वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने इसको अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उसको रात में ही सदर अस्पताल भेजा गया था। सदर अस्पताल में इसकी मौत हो गई।

## दो सड़क हादसों में दो नौजवानों की मौत, पांच घायल

**संडीला (हरदोई)।** दो सड़क दुघर्टनाओं में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि 4 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली संडीला के अंतर्गत ग्राम पड़री निवासी आकाश राजपूत पुत्र रामभजन अपने रिश्तेदार मायाराम पुत्र आशाराम तथा अभिषेक पुत्र देशराज निवासी ग्राम पड़री के साथ 15 अप्रैल की शाम एक विवाह समारोह में भाग लेने के लिए बाइक से जा रहे थे। जब बाइक अतरौली रोड पर ग्राम मोहम्मदपुर बेलवारान के पास पहुंची तो अतरौली की तरफ़से आ रहे डंपर यूपी 30डीटी/ 3822 ने बाइक को टक्कर मार दीए जिससे बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को पहले सीएचसी लाया गयाए जहां डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफ़र कर दिया। रास्ते में आकाश राजपूत की मौत हो गयी। शेष घायलों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। इस घटना की तहरीर आकाश राजपूत के पिता रामभजन पुत्र दुलारे ने पुलिस को दी है। एक दूसरे सड़क हादसे में दो बाइकें एक दूसरे से आमने.सामने टकरा गयींए जिससे एक युवक की मौत हो गयी तथा गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार अतरौली भटपुर रोड पर ग्राम ऐरा काकेमऊ निवासी 22 वर्षीय रोहित अपने दोस्त 20 वर्षीय सूरज के साथ भरावन बाजार से घर वापस लौट रहा था। तभी जनता इंटर कॉलेज भरावन के पास सामने से बाइक से आ रहे ग्राम कौड़िया निवासी मोनू अर्कवंशी की बाइक से सीधी टक्कर हो गयी। इस बाइक पर 23 वर्षीय दीपक भी सवार थे। इस भीषण टक्कर से रोहित की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि सूरजए मोनू और दीपक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को सीएचसी ले जाया गया हैए जहां डॉक्टरों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया तथा शेष दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय के लिए रेफ़र कर दिया।

## डीएनए टेस्ट कराने आया आरोपी ट्रामा सेन्टर से फरार

**फतेहपुर।** जिला चिकित्सालय के ट्रामा सेन्टर में बुधवार की दोपहर डीएनए टेस्ट के लिए आया आरोपी पुलिस को चकमा देकर रफू चक्कर हो गया। कुछ दूर तक होमगार्ड पीछे भागा लेकिन सफल न हुआ। इस घटना से जहां पुलिस के हाथ पैर फूल गए वहीं ट्रामा सेन्टर में अफरा तफरी मच गयी। विवरण के अनुसार बिंदकी कोतवाली पुलिस हथगाम थाना क्षेत्र के सरांय इदरीस गांव निवासी श्रीराम का 22 वर्षीय पुत्र नीरज को एक नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोप में हिरासत में लेने के बाद बुधवार को थाने में तैनात कां0 गनेश पाण्डेय व होमगार्ड कस्टडी में डीएनए टेस्ट के लिए जिला चिकित्सालय के ट्रामा सेन्टर पहुंचे। उसी समय मौका पाकर आरोपी चकमा देकर भाग खडा हुआ। जब तक वहां लोग समझ पाते वह जिला चिकित्सालय परिसर से बाहर निकल चुका था और होमगार्ड उसके पीछे काफी दूर तक भागा लेकिन आरोपी उसकी नजरो से ओझल हो गया। घटना के बाद जहां सिपाही के हाथ पैर फूल गये वहीं ट्रामा सेन्टर में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

**आंगनबाड़ी भर्ती में बवाल- फर्जी आय प्रमाण पत्र पर मिली नौकरी, कटघरे में चयन प्रक्रिया...**

## हंगामा का केंद्र बनी आंगनबड़ी भर्ती, खड़े हो रहे बड़े सवाल!

- **गरमाता जा रहा आंगनबाड़ी कार्यकत्री चयन का मामला**
- **ब्लाक सिधौली के ग्राम हुसैनगंज में हुए चयन को लेकर उठ रहे सवाल**

**सीतापुर।** ब्लाक सिधौली क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र हुसैनगंज में कार्यकत्री के पद पर हुई भर्ती का मामला गरमाता जा रहा है। चयन को लेकर गांव के रहने वाले विजयप्रकाश की पत्नी मोनी ने गंभीर आरोप जड़े हैं। यहीं नहीं बताया जाता है कि कार्यकत्री के पद पर जिन उमा देवी पत्नी स्वर्गीय मनोज कुमार की नियुक्ति की गई है। उन्हें पहले तो कम आय का फर्जी आय



शिकायत कर्ता मोनी।

प्रमाण पत्र जारी किया गया। प्रमाण पत्र जारी होने के बाद जब हो-हल्ला मचा तो संबंधित लेखपाल ने आय प्रमाण पत्र के निरस्तीकरण के लिए कार्रवाई शुरू कर दी। सवाल उठता है कि एक बार लेखपाल ने आय प्रमाण पत्र जारी कर दिया है और शिकायत करने पर उसी निर्गत किए गए आय प्रमाण पत्र को गलत ठहराया जाने लगा। ऐसे में भर्ती प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। विजय प्रकाश की पत्नी मोनी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को पत्र प्रेषित कर उमा यादव का चयन निरस्त किए जाने की मांग की है।

# कर्नाटक में सरकार के खिलाफ लिंगायत और वोक्कालिगा ने खोला मोर्चा

**–जातिगत जनगणना रिपोर्ट को राजनीतिक प्रभाव के लिए मान रही खतरा**

**बेंगलुरु(एजेंसी)।** कर्नाटक में दो प्रभावशाली समुदाय लिंगायत और वोक्कालिगा राज्य की सिद्धारमैया सरकार के खिलाफ खड़े नजर आ रहे हैं। सरकार द्वारा जातिगत जनगणना रिपोर्ट को मंत्रिमंडल के समक्ष रखने के फैसले से दोनों समुदायों में गहरी नाराजगी है। वे इसे अपने राजनीतिक प्रभाव के लिए खतरा बता रहे हैं। सत्तारूढ़ सरकार पर दबाव बढ़ता जा रहा है। खासकर खुद कांग्रेस के विधायकों ने जातिगत सर्वेक्षण की रिपोर्ट पर असहमति जताई है। 17 अप्रैल यानी गुरुवार को होने वाली विशेष कैबिनेट बैठक में इस मुद्दे पर सरकार की स्थिति तय होगी, जिससे कई समुदायों की आगामी रणनीति प्रभावित हो सकती है। वोक्कालिगा समुदाय से ताल्लुक रखने वाले उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने अपनी ही पार्टी के वोक्कालिगा विधायकों से मुलाकात की और रिपोर्ट पर राय जानी। उन्होंने कहा कि एक समुदाय के प्रतिनिधि के तौर पर मैं चाहूंगा कि हम मिलकर कैबिनेट बैठक में अपने पक्ष को मजबूती से रखें। हालांकि उन्होंने अपने रुख को सार्वजनिक नहीं किया। लिंगायत-वोक्कालिगा की जनसंख्या हिस्सेदारी पर रार जाति सर्वेक्षण की आधिकारिक रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है, लेकिन लिंगायत और वोक्कालिगा का हिस्सा राज्य की आबादी का एक चौथाई से भी कम है। लिंगायत और वोक्कालिगा की जनसंख्या हिस्सेदारी को लेकर यह संघर्ष कर्नाटक में कोई नई बात नहीं है।

कांग्रेस का मौजूदा सामाजिक गठबंधन लिंगायत और वोक्कालिगा को पूरी तरह से नजरअंदाज नहीं कर सकता। पिछले कुछ सालों से एग्जिट पोल तेजी से गलत हो रहे हैं। 2023 के कर्नाटक चुनावों के लिए एग्जिट पोल ने कांग्रेस के वोट शेयर (43.2 फीसदी के मुकाबले 43 फीसदी) और सीटों (वास्तविक 135 के मुकाबले 122-140) की सटीक भविष्यवाणी की। एग्जिट पोल द्वारा दिए गए जाति-वार समर्थन संख्या से पता चलता है कि कांग्रेस का वोक्कालिगा और लिंगायतों के बीच 24-20 फीसदी वोट शेयर था। वोक्कालिगा का विरोध और चेतावनी वोक्कालिगा समुदाय की शीर्ष संस्था वोक्कालिगारा संघ ने मंगलवार को आपात बैठक कर राज्यव्यापी प्रदर्शन की योजना बनाई है। सत्ताधारी पार्टी के अंदर मतभेद उभरने लगे हैं, खासकर उन समुदायों से आने वाले नेताओं के बीच, जिनकी जनसंख्या आंकड़ों में घटी हुई दर्शाई गई है। कांग्रेस के पास कर्नाटक के सबसे सफल राजनीतिक गठबंधन को पुनर्जीवित करने का मौका है। कांग्रेस ने 2023 के कर्नाटक चुनावों में 60 फीसदी से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों में जीत हासिल की थी।

# आतंक की फैक्ट्री चलाने वाले पाक को भारत की दो टूक कहा- हमे मत बताओ खुद का रिकॉर्ड देखो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान की यह पुरानी आदत है कि वो अपने गिरेबान में तो झांकना नहीं है और बात-बात पर भारत को ज्ञान देने का कोई मौका नहीं छोड़ता। इसी कड़ी में हाल ही में पाकिस्तान की तरफ से वक्फ कानून के विरोध में एक बयान जारी किया गया था। भारत सरकार ने पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देते हुए साफ-साफ कह दिया कि वो पाकिस्तान में हिन्दू सहित अन्य अल्पसंख्यकों की हालात को देखे। भारत को पाठ पढ़ाने की जगह वो पहले अपने गिरेबान में झांक कर देख ले।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इसी कड़ी में वक्फ पर पाकिस्तान की टिप्पणी को लेकर सवाल पूछा गया। उन्होंने कहा, 'हम भारत की संसद द्वारा पारित वक्फ कानून पर पाकिस्तान द्वारा की गई प्रेरित और निराधार टिप्पणियों को दृढ़ता से खारिज करते हैं। पाकिस्तान को भारत के आंतरिक मामले पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने के मामले में पाकिस्तान को दूसरों को उपदेश देने के बजाय अपने खुद के खराब रिकॉर्ड पर गौर करना चाहिए। इससे पहले, पाकिस्तानी सरकार ने भारतीय लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 को मस्जिदों और दरगाहों सहित मुसलमानों को उनकी संपत्तियों से बेदखल करने और अल्पसंख्यकों को हाशिए पर डालने वाला कानून करार दिया था। कहा गया था कि यह कानून भारतीय मुस्लिम समुदाय की स्वायत्तता को कमजोर करने वाला कदम है। पाकिस्तानी मीडिया में मुस्लिम समाज की भूमि हड़पने और मुस्लिम संपत्तियों पर नियंत्रण का प्रयास करार दिया था। केंद्र सरकार ने वक्फ विधेयक मौजूदा बजट सत्र में पेश किया। इस दौरान लंबी चर्चा के बाद आधी रात को विधेयक पास किया गया। दोनों सदनों से मंजूरी मिलने के बाद इस विधेयक को राष्ट्रपति के पास साइन करने के लिए भेजा गया।

# लोगों की सुरक्षा और एक्सीडेंट को रोकने गडकरी ने तैयार किया प्लान

**–टू–व्हीलर के साथ 2 हेलमेट, रोड पर सब मेंडेटरी प्रीकास्ट**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क पर लोगों की सुरक्षा और एक्सीडेंट को रोकने के लिए नया मास्टर प्लान तैयार किया है। उन्होंने कहा कि इस प्लान में नए टू-व्हीलर के साथ 2 हेलमेट देना अनिवार्य होगा। वहीं, अब रोड पर सब मेंडेटरी प्रीकास्ट होगा। उन्होंने कहा कि रोड अब फैक्टरी में बनेगा। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने बताया कि सिर्फ स्कूल के सामने हर साल 10 हजार बच्चे सड़क दुर्घटना में मर जाते हैं। ये बड़ी चिंता का विषय है। इस रोकने के लिए उन्होंने बड़ी तैयार की है।


केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि जो भी टू-व्हीलर खरीदता है कंपनी ग्राहक को किसी अच्छी कंपनी के दो आईएसआई स्टैंडर्ड वाले हेलमेट भी देगी, ताकी गाड़ी पर चलने वाले दोनों लोग हेलमेट पहनें। उन्होंने कहा कि रोड सेफ्टी में हम लंबे समय से काफी काम कर चुके हैं उसके बाद भी अभी सफलता नहीं मिल रही है। सिर्फ स्कूल के सामने ही हर साल 10 हजार बच्चों की मौत हो जाती है। जबकि, हर साल 1 लाख 80 हजार मौत सड़क दुर्घटना में होती हैं। इसतरह हम रोड सेफ्टी ऑडिट कर रहे हैं। ब्लैक स्पॉट का पता लगा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने एक राहवीर योजना भी तैयार की है। योजना में जिसका एक्सीडेंट होता है और घायल व्यक्ति लेकर कोई अस्पताल आता है और उसकी जान बचाता है। तब हम उस मददगार को 25 हजार रुपए का इनाम देने वाले है। साथ ही, जो अस्पताल में एडमिट होगा, उस अधिकतम 7 दिन का खर्च या 1.50 लाख रुपए की सहायता देने और उसकी जान बचाने की कोशिश की जाएगी। यदि लोग एक्सीडेंट होने वाले व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने का काम करते हैं तब हम हर साल 50 हजार लोगों की जान बचा सकते हैं।

गडकरी ने बताया कि अब रोड पर सब मेंडेटरी प्रीकास्ट होगा। यानी रोड अब फैक्टरी में बनेगा। अभी रोड के बीच में जो वैरियर होते हैं लोग उन्हें कूदकर आगे जाते हैं, जिससे एक्सीडेंट होते हैं। इसतरह अब इन वैरिएट की ऊंचाई को 3 फीट तक बढ़ाया जाएगा। इसके दोनों तरफ एक मीटर की दूसरी रखी जाएगी जिसमें काली मिट्टी डालकर प्लांट लगाए जाएंगे। इसके बाद कोई इन्हें कूदकर पार नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा मंत्रालय मलेशिया से नई टेक्नोलॉजी लाए हैं जिससे हजारों-करोड़ रुपए बच रहे हैं।

# भाजपा-संघ को परास्त करने का रास्ता गुजरात से निकलेगा : राहुल गांधी

**अरवल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गुजरात दौरे के दूसरे दिन आज मोडासा पहुंचे, जहां उन्होंने अरवल्ली जिला कांग्रेस नेता के साथ बैठक की और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की शुरुआत गुजरात से हुई थी और भाजपा-संघ को परास्त करने का रास्ता भी गुजरात से निकलेगा। राहुल गांधी ने आज मोडासा से संगठन सृजन अभियान का भी शुभारंभ कराया। बता दें कि राहुल गांधी मंगलवार से दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। बीते दिन राहुल गांधी ने अहमदाबाद में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) और 183 प्रदेश कांग्रेस समिति (पीसीसी) के पर्यवक्षकों के साथ बैठक की थी। साथ ही पर्यवेक्षकों से अगले 10 दिन सौंपे गए जिले की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है, ताकि संबंधित जिले के संगठन में बदलाव करते हुए नए जिला अध्यक्ष की नियुक्त की जा सके। कांग्रेस ने हर एक जिले के केंद्रीय निरीक्षक के साथ 4 गुजरात निरीक्षकों की टीम गठित की है।



गुजरात दौरे के दूसरे और अंतिम दिन अरवल्ली जिले के मोडासा में राहुल गांधी ने कांग्रेस संगठन में बदलाव की शुरुआत की। उन्होंने मोडासा में संगठन सृजन अभियान का शुभारंभ कराया और अरवल्ली जिला कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक की और बूथस्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। इस मौके पर राहुल गांधी ने कहा कि संघ और भाजपा को देश में पराजित करने का रास्ता गुजरात से निकलेगा। देश में दो विचार धारा हैं। एक भाजपा-संघ और एक ही कांग्रेस। देश जानता है कि भाजपा-संघ को केवल कांग्रेस ही हरा सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की शुरुआत गुजरात से हुई थी और यहीं से भाजपा-संघ को हराने का रास्ता भी मिलेगा। राहुल गांधी ने आगे कहा है कि हमारी चर्चा में जो मुख्य मुद्दा उभरकर आया वह यह था कि गुजरात के जिलों को अहमदाबाद से नहीं, बल्कि जिलों से ही चलाया जाना चाहिए। जिला नेताओं को मजबूत किया जाना चाहिए, विशेषकर जिला अध्यक्ष को जिम्मेदारी और अधिकार देकर। जिला अध्यक्ष अकेला नहीं होगा बल्कि एक पूरी कमेटी होगी, जिसके सहयोग और निर्णयों से पूरे जिले का संचालन होगा और उस पर किसी प्रकार का दबाव नहीं होगा। कांग्रेस पार्टी संगठन ही तय करेगा कि कौन चुनाव लड़ेगा और कौन नहीं, और इस निर्णय में कोई दबाव नहीं होगा। हम यह काम गुजरात से शुरू कर रहे हैं। हमारी लड़ाई विचारधारा की है। हम गुजरात में यह लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे। राहुल गांधी ने माना कि वर्षों से गुजरात में कांग्रेस का मनोबल गिरा हुआ है, लेकिन अब हम पार्टी को मजबूत बनाएंगे। पार्टी का मनोबल बढ़ाना मुश्किल नहीं है, हम उसे किसी भी कीमत पर पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि अब रेस के घोड़े को रेस में दौड़ाएंगे और शादी के घोडे को शादी में नचाएंगे।

# क्या परिवार में मनमुटाव से बचने के लिए मायावती ने माफ किया आकाश आनंद को

## बुधवार की बैठक में आनंद की गैरमौजूदगी से फिर उठे सवाल

**लखनऊ (एजेंसी)।** बसपा प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद की पार्टी में वापसी के पीछे शादी को कारण बताया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक आकाश आनंद के भाई और मायावती के दूसरे भतीजे ईशान आंनद की शादी 24 अप्रैल को हरियाणा में होनी है। शादी में मायावती भी शामिल होंगी। इसलिए परिवार में मनमुटाव की स्थिति से बचने के लिए आकाश की माफी वाली स्क्रिप्ट चर्चा में है। बुधवार को लखनऊ में हुई बसपा की समीक्षा बैठक में आकाश आनंद नहीं पहुंचे थे। इतना ही नहीं एक घंटे चली बैठक के बाद बसपा द्वारा जारी नोट में भी आकाश आनंद को लेकर कोई जिक्र नहीं किया गया। जबकि बताया जा रहा था कि वापसी के बाद हो रही अहम बैठक में आकाश आनंद शामिल हो सकते हैं और उन्हें पार्टी में कोई बड़ा पद भी मिल सकता है। बताया जा रहा



हैं कि मायावती अपने छोटे भतीजे ईशान आनंद की शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंच रही है। हो सकता है दिल्ली में भी आकाश और मायावती मुलाकात हो जाए।

सूत्रों ने बताया कि मायावती के भाई और आकाश के पिता आनंद कुमार ने सुलह की पटकथा लिखी, क्योंकि ईशान की शादी में मनमुटाव वाला माहौल लोगों और मीडिया के सामने आए। क्योंकि शादी वाले घर में सभी को आमना सामना होगा। लिहाजा आकाश आनंद ने अपनी गलती को मानकर माफी मांग ली और कभी दुबारा ऐसी गलती न करने की बात कही। इसके बाद बुआ मायावती ने भी उन्हें माफ कर पार्टी में वापसी करा दी। लेकिन बुधवार को लखनऊ में हुई मीटिंग में आकाश आनंद की गैरमौजूदगी अभी भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

# उपद्रवियों के हाथों की कठपुतली बन चुकी ममता सरकार, संवैधानिक मशीनरी पूरी तरह से फेल: नकवी



**–विक्टिमहुड का रिएक्शन देना, सस्ता राजनीतिक हथकंडा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने वक्फ कानून को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कांग्रेस पार्टी पर जुबानी हमला बोला। ममता सरकार पर उन्होंने आरोप लगाया कि वह राज्य में बढ़ती सांप्रदायिक हिंसा को जानबुझकर दरकिनार कर रही हैं और उपद्रवियों के हाथों की कठपुतली बन चुकी हैं।

भाजपा नेता नकवी ने सीएम ममता संग इमामों की बैठक को लेकर कहा कि कुछ जगहों पर विशेषकर बंगाल में हिंसा हो रही है, जो चिंता का विषय है। ऐसा लगाता हैं कि ममता सरकार उन लोगों के हाथों बंधक बन चुकी है। ऐसी स्थिति में यदि सरकार उन्हीं के सम्मेलन आयोजित करती है, तब सवाल उठता है कि वह भरोसे का संदेश देना चाहती है या भय का। बंगाल में हिंदुओं का बड़े पैमाने पर पलायन इसका प्रमाण है कि वहां की संवैधानिक मशीनरी पूरी तरह से फेल हो चुकी है।

इतना ही नहीं नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने के बाद कांग्रेस की ओर से किए जा रहे विरोध प्रदर्शन पर भी नकवी ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कुनबे की करतूतों को क्रांति का ताबूत बनाकर पेश करने की कोशिश हो रही है। यह जो कार्रवाई हो रही है, वह किसी राजनीतिक द्वेष का हिस्सा नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार पर आधारित वैधानिक प्रक्रिया है। कोर्ट ने पहले ही इस पर निर्देश दिए हुए हैं।

नकवी ने कहा कि यह जो कपट है, इस पर न भाजपा की रपट है और न ही मोदी सरकार की कोई नई रिपोर्ट है। यह रिपोर्ट पहले से मौजूद हैं और कार्रवाई न्यायिक प्रक्रिया के तहत हो रही है।

कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन को ड्रामा करार देकर भाजपा नेता ने कहा कि जो विधिक कार्रवाई है, उस पर विक्टिमहुड का रिएक्शन देना एक सस्ता राजनीतिक हथकंडा है। देश की जनता सब जानती है और अब वह इस तरह के ड्रामों में नहीं आने वाली।

# ‘गदर’ का रिकॉर्ड तोड़ने से इंच भर दूर है सनी देओल की ‘जाट’, बॉक्स ऑफिस पर इतना कमाते ही रच देगी इतिहास




सनी देओल की जाट बॉक्स ऑफिस पर एक हफ्ता बिताने के बाद भी अच्छा कलेक्शन कर रही है. यही वजह है कि फिल्म अब सिर्फ फिल्म नहीं बल्कि यूनिवर्स में तब्दील हो चुकी है. आज ही फिल्म के मेकर्स ने फिल्म के अगले पार्ट जाट 2 की अनाउंसमेंट भी कर दी है. सनी देओल की ये फिल्म गदर 2 की ही तरह मास दर्शकों को खुद से जोड़ रही है और सिंगल स्क्रीन्स में खूब पसंद की जा रही है. फिल्म को रिलीज हुए आज 8 दिन हो चुके हैं और फिल्म की कमाई से जुड़े आज के शुरूआती आंकड़े भी सामने आ चुके हैं. तो चलिए जानते हैं कि फिल्म ने अभी तक कितनी कमाई कर ली है. साथ ही ये भी जानेंगे कि सनी देओल की फिल्म छावा, सिकंदर और स्काई फोर्स जैसी इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में शामिल होने के बाद अब कौन सा रिकॉर्ड तोड़ने के करीब पहुंच चुकी है.

जाट ने ऑफिशियल आंकड़ों के मुताबिक, एक हफ्ते में यानी 7 दिनों में 57.97 करोड़ रुपये कमा लिए. फिल्म ने हर दिन कितनी कमाई की उसे अलग-अलग आप नीचे दी गई टेबल में देख सकते हैं. इसके अलावा, 8वें दिन की कमाई सैक्निल्क के मुताबिक है और 7:05 बजे तक की है. आज की कमाई से जुड़े आंकड़े फाइनल नहीं हैं. इनमें बदलाव हो सकता है.

जाट ने 7वें दिन सनी पाजी के करियर में एक और रिकॉर्ड जोड़ दिया है. ये फिल्म बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, गदर 2 (525.1 करोड़) और गदर (76.88) के बाद उनके करियर की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. बता दें कि 2011 में आई यमला पगला दीवाना के पास पहले ये रिकॉर्ड था जिसने 55.28 करोड़ रुपये कमाए थे. हालांकि, जाट ने 7वें दिन 57 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करते हुए इसे पीछे कर दिया.

# ‘पहले तेरे मम्मी-पापा...’ यूजर ने तलाक को लेकर किया कमेंट तो भड़कीं सोनाक्षी, जमकर लगाई क्लास

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा एकदम तीखी छुरी की तरह जवाब देने में माहिर हैं। फिर बात अगर फैमिली या उनके खुद के हसबैंड की आ जाए तो एक्ट्रेस बेबाक अपना बेबाक रवैया अपनाने से कभी पीछे नहीं हटतीं। एक्ट्रेस ने 23 जून, 2024 को अलग धर्म में जाकर जहीर इकबाल से शादी की थी। तभी से कुछ सोशल मीडिया यूजर्स उन्हें इस बात को लेकर अक्सर ट्रोल करते रहते हैं। हाल ही में उनका एक सोशल मीडिया पोस्ट काफी ज्यादा वायरल हो रहा है जहां उन्होंने ट्रोल करने वाले को करारा जवाब दिया। दरअसल एक यूजर ने अभिनेता जहीर इकबाल के साथ उनकी शादी के बारे में एक गलत टिप्पणी की थी। सोनाक्षी ने एक बार फिर सभी को याद दिलाया कि जब ट्रोलिंग की बात आती है, तो वह पीछे नहीं हटती हैं।

कुछ दिन पहले,एक इंस्टाग्राम यूजर ने सोनाक्षी की एक पोस्ट पर एक भद्दी टिप्पणी की थी। यूजर ने सोनाक्षी की फोटो पर लिखा था, ''आपका तलाक आपके बहुत करीब है।'' एक तरफ जहां सोनाक्षी और जहीर के फैंस ने ट्रोल करने वाले को करारा जवाब दिया, वहीं सोनाक्षी की टिप्पणी ने उसकी बोलती ही बंद कर दी। नफरत को नजरअंदाज करने के बजाय, हीरामंडी एक्ट्रेस ने इसका बड़े ही चुटकीले अंदाज में जवाब दिया। सोनाक्षी ने लिखा- पहले तेरे मम्मी पापा करेंगे, फिर हम।

सोनाक्षी ने पिछले साल एक प्राइवेट सेरेमनी में अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड जहीर के साथ शादी की थी। तब से, यह जोड़ा अक्सर सोशल मीडिया पर अपने मजेदार रिश्ते की झलकियां शेयर करता रहता है। चाहे वह हल्की-फुल्की छेड़खानी हो या रोमांटिक पल, यह जोड़ी हमेशा से ही कपल गोल्स सर्व करती नजर आती है। वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनाक्षी सिन्हा ने साल 2010 में सलमान खान की फिल्म दबंग से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।





# ‘उत्तराखंड में मेरा मंदिर...‘उर्वशी रौतेला’ की फोटो पर फूल-माला चढ़ाते हैं उम्र के बच्चे, बुलाते हैं दमदमामाई

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला एक बार फिर अपने नए दावे की वजह से ऑनलाइन सुर्खियां बटोर रही हैं। पिछले दिनों अपनी फिल्म डाकू महाराज के कारण हंसी का पात्र बनी उर्वशी ने अब एक ऐसा दावा कर दिया है जिस पर विश्वास करना और भी मुश्किल हो रहा है। एक्ट्रेस ने सनी देओल और रणदीप हुड्डा की जाट में एक आइटम सॉन्ग किया है और इसी की वजह से वो चर्चा में हैं।

उर्वशी का अब कहना है कि उत्तराखंड में मेरे नाम का एक मंदिर है और अब मैं चाहती हूं कि दक्षिण भारत में भी मेरे नाम का एक मंदिर बनें।

बद्रीनाथ के बाजू में है मंदिर

सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत में उर्वशी रौतेला ने कहा, ‘उत्तराखंड में पहले से ही मेरे नाम का उर्वशी मंदिर है। आप बद्रीनाथ मंदिर के दर्शन करने जाओगे न, उसके ठीक बाजू में एक मंदिर है, जिसका नाम उर्वशी है। और वो मेरे लिए ही डेडिकेटेड है। बस मेरी यही चाहत है कि जैसे कि अभी करीब डेढ़ साल के अंतराल में मैंने मेगा स्टार चिरंजीवी के साथ डेब्यू किया। फिर मैंने पवन कल्याण गारू के साथ काम किया है। फिर मैंने बाला बाबू संग काम किया। अब बस मेरी ये चाह है कि उनके भी टेंपल्स हैं तो साउथ में कुछ ऐसा कुछ हो कि मेरे फैंस के लिए कि वहां पर कुछ हो।’ जब होस्ट ने पूछा कि क्या लोग आशीर्वाद लेने के लिए मंदिर जाते हैं, तो उर्वशी ने हंसते हुए जवाब दिया,''अब मंदिर है तो वो ही करेंगे।''

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com